11 June 2025_Copy of Layout 1 6/12/2025 11:34 PM Page 1


दैनिक

# नज़रिया खबर

*भारत सरकार के डीएवीपी व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापन के लिए मान्यता प्राप्त*

RNI:UTTHIN/2008/25052

वर्ष:17 | अंक: 342 | देहरादून, बुधवार 11 जून, 2025 | पृष्ठ:08 | मूल्य:1/रु. प्रति





## न्यूज डायरी

### पूर्व क्रिकेटर कपिल देव ने राज्यपाल से की भेंट



**देहरादून।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से मंगलवार को राजभवन में पूर्व भारतीय क्रिकेटर कपिल देव ने शिष्टाचार भेंट की।

### टॉप फैशन ब्रांड्स के लेटेस्ट स्टाइल पर 50 प्रतिशत तक की छूट पाएं

**देहरादून।** लाइफ़स्टाइल, जो भारत के प्रमुख फैशन डेस्टिनेशन्स में से एक है, अपनी एंड ऑफ सीजन सेल शुरू कर रहा है, जिसका लोग बहुत बेसब्री से इंतजार करते हैं, जिसमें खरीदारों को लेटेस्ट और मॉर्डन फैशन प्रोडक्ट की एक लंबी–चौड़ी कैटेगिरी पर 50 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है। इसके अलावा, एचडीएफसी क्रेडिट कार्ड धारकों के लिए एक खास ऑफ़र है, जिसमें उन्हें तुरंत 10 प्रतिशत की छूट मिलेगी। नियम और शर्तें लागू। सीज़न को और रोमांचक बनाते हुए, लाइफ़स्टाइल ने इस कैंपेन के लिए खासतौर से तमन्ना भाटिया के साथ साझेदारी की है। अपने नेचुरल चार्म और अखिल भारतीय अपील के लिए जानी जाने वाली तमन्ना ने इस नए कैंपेन में ग्लैमर और भरोसे का अनोखा मेल पेश किया है। प्रमुख राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय ब्रांड्स के लेटेस्ट ट्रेंड्स और फैशन विकल्पों के बहुत बडे सिलेक्शन के साथ, लाइफस्टाइल सेल फैशन के प्रति जागरूक रहने वाले खरीदारों को उचित कीमत पर अपने वॉडरोब को पूरी तरह से नई–नई चीज़ों से अपग्रेड करने की पहुँच देता है।

# विकसित भारत के संकल्पों को सिद्धि तक पहुंचाने के लिए महत्वपूर्ण प्रयास किए गए हैं: सीएम धामी

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार के 11 साल पूर्ण होने पर मुख्यमंत्री ने भाजपा कार्यालय में मीडिया से वार्ता करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत ने वैश्विक मंच पर सशक्त, सक्षम और आत्मनिर्भर राष्ट्र के रूप में अलग पहचान बनाई है। विकसित भारत के संकल्पों को सिद्धि तक पहुंचाने के लिए महत्वपूर्ण प्रयास किए गए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में 11 वर्षों में सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मूल मंत्र के साथ कार्य किये जा रहे हैं। यह कालखंड हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और संवर्धन के लिए भी महत्वपूर्ण रहा। विकास और नवाचार की दिशा में देश में अनेक कार्य हो रहे हैं। आयुष्मान भारत योजना स्वास्थ्य के क्षेत्र में वरदान साबित हो रही है। मेक इन इंडिया की ताकत से निर्यात के क्षेत्र में भारत की भागीदारी तेजी से बढ़ी है। आज भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर वैश्विक आर्थिक शक्ति के रूप में स्थापित हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि




भाजपा मुख्यालय में पत्रकार वार्ता के दौरान सीएम, प्रदेश अध्यक्ष व अन्य।

### विकास और नवाचार की दिशा में देश में अनेक कार्य हो रहे

जन–धन योजना, उज्ज्वला योजना, पीएम आवास योजना, जल जीवन मिशन, स्वच्छता अभियान, किसान सम्मान निधि और निशुल्क राशन योजना जैसी अनेकों जन–कल्याणकारी योजनाओं का लाभ देश के करोड़ों नागरिकों को मिल रहा है, जिसका परिणाम है कि आज भारत की गरीबी दर में 80 प्रतिशत से अधिक की कमी आई है। पिछले 11 साल में 27 करोड़ से अधिक लोग गरीबी रेखा से बाहर आये हैं। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में धारा 370 की समाप्ति, तीन तलाक पर प्रतिबंध जैसे साहसिक निर्णय लिये गये। उन्होंने कहा कि भारत न केवल स्वदेशी रक्षा उपकरण बना रहा है, बल्कि दुनिया को निर्यात भी कर रहा है। भारत के रक्षा निर्यात में तेजी से वृद्धि हुई है। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में भारत की रैंकिंग वैश्विक स्तर पर 142 से सुधरकर 63 पर पहुंची है। मध्यम वर्ग को राहत देते हुए नई कर व्यवस्था में 12.75 लाख रुपये तक की आय पर टैक्स से छूट दी गई है।

शेष खबर पेज आठ पर देखे

## केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से मंत्री गणेश जोशी ने की भेंट

**देहरादून।** प्रदेश के कृषि मंत्री गणेश जोशी ने नई दिल्ली में केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान, मंत्री जोशी ने केंद्रीय मंत्री शेखावत को गंगाजलि और उत्तराखण्ड के पारंपरिक औद्योनिक उत्पाद भेंट की। मुलाकात के दौरान राज्य में पर्यटन सुविधाओं को बेहतर बनाने और नए पर्यटन स्थलों को विकसित करने के लिए केंद्र सरकार से सहयोग मांगा कृषि मंत्री जोशी ने केंद्रीय मंत्री को बताया कि राज्य के



प्रसिद्ध पर्यटन स्थल जैसे मसूरी और नैनीताल पर पर्यटकों का अत्यधिक दबाव है। उन्होंने इस समस्या को कम करने और पर्यटकों को अधिक विकल्प प्रदान करने के लिए इन स्थलों के आसपास के क्षेत्रों में भी पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने का आग्रह किया। जिस पर केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने सकारात्मक आश्वासन देते हुए जल्द से जल्द कार्यवाही का आश्वासन दिया।

# विकसित कृषि संकल्प अभियान खरीफ के तहत ब्लॉक मुख्यालय बीरोंखाल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के तत्वावधान में चलाए जा रहे विकसित कृषि संकल्प अभियान खरीफ–2025 के अंतर्गत एक दल ने जनपद पौड़ी के सुदूरवर्ती विकासखंड वीरोंखाल में पहुंचकर किसानों के साथ संवाद किया।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य आधुनिक और वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों के माध्यम से किसानों की आय में वृद्धि, प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण, और जलवायु अनुकूल खेती को बढ़ावा देना है। कृषि मंत्रालय के उप सचिव (विस्तार) अनूप सिंह बिष्ट

### भारत सरकार के प्रतिनिधियों ने काश्तकारों की समस्याओं का किया समाधान

के नेतृत्व में पहुंचे दल ने किसानों को उनकी मातृभाषा गढ़वाली में संवाद कर अभियान की जानकारी दी। श्री बिष्ट ने किसानों को सरकार की कृषि योजनाओं, नई तकनीकों, उन्नत बीजों, जल प्रबंधन, जैविक खेती की वैज्ञानिक विधियों, और नवीन कृषि शोधों के बारे में विस्तार से बताया। दल में उप निदेशक एस. भानमती और क्षेत्रीय गृह अर्थशास्त्री जिस्नु के. जे. भी शामिल थे। अनूप सिंह बिष्ट ने कहा, प्रधानमंत्री के लैब टू लैंड नारे के तहत हम कृषि शोध को खेतों तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। केंद्रीय कृषि मंत्री किसानों की आय वृद्धि के लिए इस तरह के अभियानों को महत्वपूर्ण मानते हैं और स्वयं इसमें सक्रिय हैं।

इस अवसर पर उप सचिव अनूप बिष्ट ने कहा कि काश्तकारों का उत्पादन बढ़ाने के लिए देश के हर कोने में अभियान चल रहा है। आईसीएआर की रिसर्च का लाभ काश्तकारों को मिले, इसके लिए जनता को जागरूक किया जा रहा है। साथ ही जनता के साथ सीधा संवाद किया जा रहा है। उन्होंने कृषि मंत्रालय के माध्यम से चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। उप निदेशक एस. भानमती ने कहा कि कृषि से जुड़े रहना वर्तमान समय की आवश्यकता है। हमें सुनिश्चित करना है कि किसान लाभ वाली फसल लगाएं तथा योजनाओं का लाभ उठाना सीखें।

क्षेत्रीय गृह अर्थशास्त्री जिस्नु ने कहा कि सरकार आतमा परियोजना के तहत प्रशिक्षण देकर किसानों की आय में वृद्धि कर रही है। साथ ही गुणवत्तापूर्ण फसलों के उत्पादन की तरफ भी किसानों को प्रोत्साहित कर रही है। इस दौरान काश्तकारों ने चकबंदी लागू करने की मांग की। काश्तकारों ने कृषि उपकरणों की खरीद में समस्या, बेहतर नर्सरी की अनुपलब्धता, काश्तकारों को पंतनगर विश्वविद्यालय के बजाय स्थानीय स्तर पर भरसार विश्वविद्यालय में प्रशिक्षण की व्यवस्था, सब्सिडी का भुगतान न होने सहित अन्य समस्याएं रखी। इस अभियान का उद्देश्य आधुनिक एवं वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों के माध्यम से किसानों की आय में वृद्धि करना, प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करना तथा जलवायु अनुकूल खेती को बढ़ावा देना है।

# संपादकीय

## देश में हुए बड़े विमान हादसों पर डालें एक नजर

242 लोगों को लेकर लंदन जा रहा एयर इंडिया का विमान गुरुवार को अहमदाबाद एयरपोर्ट के पास उड़ान भरते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान पहले बीजे मेडिकल कॉलेज की मेस बिल्डिंग से टकराया और फिर अतुल्यम हॉस्टल से टकराया। हॉस्टल में सीनियर रेजिडेंट डॉक्टर रहते थे। अहमदाबाद में हुए घातक विमान हादसे के बाद बचाव कार्य में नागरिक प्रशासन की सहायता के लिए भारतीय सेना के लगभग 130 कर्मियों को तैनात किया गया है। सेना ने एक बयान में कहा कि एक सैन्य अस्पताल को भी स्टैंडबाय पर रखा गया है। अहमदाबाद पुलिस कमिश्नर जीएस मलिक ने विमान हादसे पर चिंता जताते हुए कहा कि दुर्घटना की भयावहता को देखते हुए किसी के बचने की संभावना बेहद कम लग रही है। उन्होंने कहा कि घायलों के इलाज के लिए अस्पताल लाया गया था, लेकिन उनकी हालत अत्यंत गंभीर थी और उन्हें बचा पाना कठिन साबित हो रहा है। दुर्घटना के बाद डीजीसीए रिपोर्ट से सबसे महत्वपूर्ण खुलासे में से एक ये है कि पायलटों ने उड़ान भरने के तुरंत बाद ष्मेडेष् कॉल जारी किया था। आपको बता दें कि अहमदाबाद हवाई अड्डे के पास मेघाणी नगर इलाके में बृहस्पतिवार दोपहर एअर इंडिया का लंदन जा रहा विमान उड़ान भरने के कुछ ही क्षण बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान में चालक दल के 10 सदस्यों सहित 242 लोग सवार थे। हादसे में कई लोगों के हताहत होने की भी आशंका है। एयर इंडिया का बयान सामने आया है। इसमें कहा गया है कि 169 भारतीय नागरिक, 53 ब्रिटिश नागरिक, 1 कनाडाई नागरिक और 7 पुर्तगाली नागरिक विमान में सवार थे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि अहमदाबाद में हुए दुखद विमान हादसे के बारे में जानकर मैं बहुत व्यथित हूँ। यह एक हृदय विदारक आपदा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अहमदाबाद में हुई विमान दुर्घटना को हृदय विदारक बताया और कहा कि इससे हम स्तब्ध और दुखी हैं। उन्होंने कहा कि वह प्रभावित लोगों की सहायता के लिए काम कर रहे मंत्रियों और अन्य अधिकारियों के संपर्क में हैं। एयर इंडिया एक्सप्रेस फ्लाइट 1344 7 अगस्त, 2020 को भारी बारिश के बीच कोझिकोड अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरने का प्रयास करते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गई। महामारी के कारण विदेशों में फंसे भारतीयों को वापस लाने के लिए वंदे भारत मिशन के तहत संचालित दुर्भाग्यपूर्ण बोइंग 737, टेबल–टॉप रनवे से फिसल गया, 110 फीट की खाई में गिर गया, और टक्कर लगने पर कई टुकड़ों में टूट गया।

# नाबालिग गैंगरेप प्रकरण में महिला कांग्रेस ने फूंका भाजपा का पुतला, प्रदर्शन

**हरिद्वार (नजरिया खबर ब्यूरो)।** धर्मनगरी हरिद्वार में भारतीय जनता पार्टी की पूर्व महिला नेता पर अपनी नाबालिग पुत्री का अपने दोस्तों से योन शोषण कराए जाने का मामला प्रकाश में आने के बाद प्रदेश में रानीतिक भूचाल आने की उम्मीद बढ़ रही है। इस मामले में कांग्रेस ने भाजपा को घेरना शुरू कर दिया है। सोमवार को उत्तराखंड महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला के नेतृत्व में महिला कांग्रेस ने भाजपा का पुतला फूंका।




प्रदर्शन करते महिला कांग्रेस कार्यकर्ता।

हरिद्वार के देवपुरा चौक पर इकट्ठा हुई महिला कांग्रेस नेत्रियों ने भाजपा के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए पुतला जलाया। इस दौरान ज्योति रौतेला ने कहा कि भाजपा सिर्फ आरोपी महिला को पार्टी से निकाल कर अपना पल्ला नहीं झाड़ सकती है। इस मामले की सीबीआई जांच होनी चाहिए और आरोपी महिला की भाजपा नेताओं के साथ फोन पर हुई बातचीत भी सार्वजनिक की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस मांग को लेकर वे मंगलवार को उत्तराखंड के गवर्नर से भी मिलने जा रही हैं। यह मुद्दा भाजपा और कांग्रेस नहीं बल्कि समाज का मुद्दा है। इसलिए कांग्रेस इस लड़ाई को जब तक बिटिया को इंसाफ नहीं मिलता तब तक जारी रखेगी।

बता दें कि चार जून को हरिद्वार पुलिस ने एक मुकदमा दर्ज किया था. मुकदमा नाबालिग पीड़िता के पिता ने दर्ज कराया था। पिता ने अपनी शिकायत में बताया था कि उनका पत्नी से बीते कुछ समय से विवाद चल रहा है। इसीलिए उनकी पत्नी अलग रही है। बीते कुछ समय से उनकी नाबालिग बेटी अपनी मां के साथ ही थी। कुछ ही दिनों पहले वो अपने पिता के पास आई और गुमसुम सी रहने लगी। पिता ने इसका कारण पूछा तो बेटी ने जो बताया वो बड़ा हैरान करने वाला था। शिकायत के अनुसार मां ने अपने प्रेमी और अन्य दोस्त से खुद की नाबालिग बेटा का गैंगरेप कराया था. मां बेटी को कई बार हरिद्वार से बाहर भी लेकर गई, जहां होटलों में भी नाबालिग के साथ गैंगरेप किया है। इस मामले में पुलिस नाबालिग बेटी की मां और अन्य दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है।

# विश्व का पहला देश जहां न्यायिक पदों के लिए सीधे आम जनता ने वोट डाला-सिर्फ 13 पेर्सेंट वोटिंग दर्ज की



## आम जनता ने सुप्रीम कोर्ट, जिला मजिस्ट्रेट व जजों के चुनाव में वोट डाले-2700 से अधिक न्यायिक पदों के लिए 7700 उम्मीदवार चुनाव लड़े

**गोंदिया।** वैश्विक स्तरपर अनेक देशों में न्यायक क्षेत्र को अपने अधीन रखने में तेज कवायतें चलती रही है, तो अनेकों देशों ने अपने संसद में कानून बनाकर सुप्रीम कोर्ट के जजों की नियुक्ति, हाईकोर्ट जिला सत्र न्यायालय संबंधी कुछ नियमों को संशोधित कर, यानें संविधान को संशोधन कर पूरा पावर अपने हाथों में कर लिया है,जिसका सटीक उदाहरण पाकिस्तान इजराइल सहित कुछ देश हैं, व अनेकों देश इस दिशा में कदम बढ़ा चुके हैं,क्योंकि अनेक देशों में हमने देखे हैं कि न्यायालय द्वारा अनेक बड़े–बड़े लीडरों को सलाखों के पीछे भेज दिया है व केंद्र एवं राज्य सरकारों के निर्णयों को पलट भी दिया है, हालांकि वे सरकारें तुरंत अध्यादेश लाकर सुप्रीम कोर्ट के निर्णय को पलट देती है, जिसका सबसे बड़ा उदाहरण अभी दिल्ली केस में सुप्रीम कोर्ट के आर्डर को अध्यादेश लाकर पलट दिए, इस खेल की शुरुआत करीब 1986 में शाहबानो केस से हुई जिसमें सुप्रीम कोर्ट के आदेश को अध्यादेश लाकर पलट दिया गया था ।आज इस बात की चर्चा हम इसलिए कर रहे हैं क्योंकि मेक्सिको में 11 सितंबर 2024 को एक कानून पारित कर दुनियाँ का पहला ऐसा देश बन गया था, जिसने वोटर को सभी स्तरों पर जजों को चुनने की इजाजत दे दी, जिसमें ऊपरी सदनमें बिल के पक्ष में 68 व विरोध में 41 वोट पड़े थे व संशोधन के साथ दो तिहाई बहुमत से पारित हो गया था, व 2025 व 2027 में जजों के चुनाव की व्यवस्था की गई थी इसके पहले चरण में दिनांक 2 जून 2025 को चुनाव हुए जिसमें करीब 2700 से अधिक पदों के लिए 7700 उम्मीदवारों ने भाग लिया था ।मेरा मानना है कि इस पारित किए गए कानून व उसके अनुसार किए गए चुनाव को संयुक्त राष्ट्र या वैश्विक मंचों द्वारा खारिज करने की कार्रवाई करनी चाहिए क्योंकि यह व्यवस्था पूरी न्यायिक प्रणाली का राजनीति करण व अपराधीकरण लाने की संभावना बढ़ जाएगी व न्यायिक व्यवस्था पूरी तरह बिगड़ जाएगी जिसे आम जनता का विश्वास न्याय व्यवस्था से पूरी तरह से उठ जाएगा ।चूँकि विश्व में मेक्सिको एक ऐसा पहला देश बन गया है जहां न्यायायिक पदों के लिए सीधे आम जनता ने वोट डाला सिर्फ 13 पेर्सेंट वोटिंग दर्ज की गई है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,अदालतों को लोकतांत्रिक बनाने,सीधा आम जनता द्वारा चुनाव,अनोखा विवादित व लोकतंत्र का मजाक है– न्यायिक व्यवस्था राजनीतिक अपराधिक व अयोग्य व्यक्तियों के हाथों में होगी। साथियों बात अगर हम मेक्सिको में आम जनता द्वारा जजों के चुनाव में 13 पर्सेंट वोट देकर नाकारनें की करें तो, मेक्सिको द्वारा देशव्यापी चुनावों के माध्यम से अपनी न्यायिक प्रणाली में सुधार करने के महत्वाकांक्षी प्रयास को मतदाताओं से बहुत कम प्रतिक्रिया मिली है। राष्ट्रपति द्वारा इस प्रक्रिया को सफल बताए जाने के बावजूद, मतदान में पात्र मतदाताओं का केवल 13पेर्सेंट हिस्सा ही शामिल होने का अनुमान है, जो हाल के राष्ट्रपति चुनावों में 60 पेर्सेंट भागीदारी के बिल्कुल विपरीत है। अपने पैमाने में अभूतपूर्व इस सर्वेक्षण का उद्देश्य सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों सहित लगभग 3,000 न्यायिक पदों का चयन करना था। आलोचकों का तर्क है कि इस दृष्टिकोण से सत्तारूढ़ पार्टी को सरकार की सभीशाखाओं में सत्ता को मजबूत करने की अनुमति मिल सकती है, जो संभावित रूप से न्यायिक स्वतंत्रता से समझौता कर सकती है। कम मतदान का कारण मतदाताओं का भ्रम, उम्मीदवारों के बारे में जानकारी की कमी और योग्यता के आधार पर न्यायाधीशों की नियुक्ति के बजाय उन्हें चुनने के बारे में व्यापक संदेह है। जैसे–जैसे परिणाम आ रहे हैं, इस बारे में सवाल उठ रहे हैं कि क्या यह लोकतांत्रिक प्रयोग मेक्सिको की टूटी हुई न्याय प्रणाली को संबोधित करेगा,जहां सार्वजनिक अविश्वास के कारण 10पेर्सेंट से भी कम अपराध दर्ज किए जाते हैं। इन चुनावों के परिणाम मैक्सिकन शासन में शक्ति संतुलन के लिए दूरगामी प्रभाव डाल सकते हैं। साथियों बात अगर हम इस ज्यूडिशरी रिफॉर्म से भ्रष्टाचार हटाना है या राजनीतिक मोहरा मकसद बनाना है की करें पूर्व राष्ट्रपति ने अपने कार्यकाल के अंत में इस बदलाव को मंजूरी दी थी, उनका दावा था कि इससे अदालतों में जवाबदेही बढ़ेगी और जनता को न्यायिक प्रक्रिया में हिस्सेदारी मिलेगी, लेकिन विरोधियों का कहना है कि ये सब ओब्राडोर की पार्टी की सत्ता को और मजबूत करने की कोशिश है. क्योंकि कोर्ट अक्सर उनके प्रस्तावों को खारिज करती रही है, अब अगर जज भी जनता के वोट से चुनेंगे, तो उन पर राजनीतिक प्रभाव डालना आसान हो सकता है। कोई भी राजनीतिक पार्टी किसी उम्मीदवार को नामांकित या समर्थन नहीं कर सकती, उम्मीदवारों को खुद ही चुनाव प्रचार का खर्च उठाना होगा, टीवी–रेडियो पर विज्ञापन बैन है, लेकिन सोशल मीडिया और इंटरव्यू की छूट है. एक नया जुडीशल डिसिप्लिनरी ट्रिब्यूनल भी बनाया गया है जो जजों पर निगरानी रखेगा और जरूरत पड़ने पर उन्हें सस्पेंड या बर्खास्त कर सकेगा,हालांकि नियमों में पार्टियों की भूमिका पर रोक है,माफिया का डर भी बना हुआ है मानवाधिकार संगठनों ने चेतावनी दी है कि अपराधी समूह खासकर स्थानीय स्तर पर इन चुनावों को प्रभावित कर सकते हैं, पहले भी माफिया ने विरोधी नेताओं को धमकाया या मार दिया है।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विशेषण विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि आम जनता ने सुप्रीम कोर्ट,जिला मजिस्ट्रेट व जजों के चुनाव में वोट डाले–2700 से अधिक न्यायिक पदों के लिए 7700 उम्मीदवार चुनाव लड़े–अदालतों के राजनीतिक व आपराधिक दबाव में आने की संभावना ।विश्व का पहला देश जहां न्यायिक पदों के लिए सीधे आम जनता ने वोट डाला–सिर्फ 13 पेर्सेंट वोटिंग दर्ज की गई ।अदालत को लोकतांत्रिक बनाने सीधा आम जनता द्वारा चुनाव अनोखा विवादित व लोकतंत्र का मजाक है,न्यायिक व्यवस्था राजनीतिक अपराधिक व अयोग्य व्यक्तियों के हाथों में होगी।

लेखक – कर विशेषज्ञ स्तंभकार
एडवोकेट किशन सनमुखदास
भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र

11 June 2025_Copy of Layout 1 6/12/2025 11:34 PM Page 3



# 11 वर्षों का स्वर्णिम कार्यकाल देश और दुनिया के लिए प्रेरणास्रोत : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को देहरादून स्थित एक होटल में आयोजित "संवाद" कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि उनके प्रधानमंत्री के रूप में 11 वर्षों का स्वर्णिम कार्यकाल देश और दुनिया के लिए प्रेरणास्रोत है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने विकसित भारत के संकल्प को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत किया है, जिसका प्रभाव हर क्षेत्र में दिखाई दे रहा है। उनके नेतृत्व में उत्तराखंड जैसे पर्वतीय राज्यों में विकास कार्यों ने गति पकड़ी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड आज विश्व के आकर्षण का केंद्र बनता जा रहा है। राज्य में कई ऐसे डेस्टिनेशन हैं, जहां देश–विदेश से पर्यटक आना चाहते हैं। आने वाले समय के लिए राज्य सरकार पूरी तरह तैयार है और सभी विकास कार्य नियोजित रूप से आगे बढ़ाए जा रहे हैं।



संवाद कार्यक्रम के दौरान सीएम धामी।

मुख्यमंत्री ने नीति आयोग की बैठक में पर्वतीय राज्यों के लिए अलग योजनाएं एवं मानक तैयार करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि राज्य की विशेष परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए नीति निर्धारण होना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य सरकार फ्लोटिंग पॉपुलेशन को ध्यान में रखते हुए योजनाओं को आकार दे रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार इकोलॉजी और इकोनॉमी के बीच संतुलन बनाकर विकास को गति दे रही है। उन्होंने गंगा पुत्र के रूप में प्रधानमंत्री का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने मुखवा से शीतकालीन यात्रा को प्रोत्साहन देकर राज्य की आध्यात्मिक और पर्यटन छवि को नई ऊंचाई दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने भू–माफियाओं से उत्तराखंड को बचाने और राज्य की भौगोलिक पहचान को संरक्षित रखने के लिए सख्त भू–कानून लागू किया है, जिससे निवेशकों पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा। साथ ही, उत्तराखंड देश का पहला राज्य बना जिसने समान नागरिक संहिता को लागू किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का निरंतर प्रयास है कि आपदाओं के प्रभाव को न्यूनतम किया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य सरकार ने अतिक्रमण के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करते हुए देवभूमि की डेमोग्राफी को संरक्षित रखने के लिए संकल्प लिया है।

## डीएम ने आरटीओ, एआरटीओ और अधिशासी अभियंता का वेतन रोका

**देहरादून।** जिलाधिकारी द्वारा की गयी जन सुनवाई के दौरान परिवहन विभाग और लोनिवि से संबंधित शिकायतें आई थीं। जन सुनवाई में आरटीओ, एआरटीओ और अधिशासी अभियंता (ईई) के मौजूद नहीं होने पर जिलाधिकारी सविन बंसल ने तीनों का वेतन रोकने का आदेश जारी किया है। जिलाधिकारी सविन बंसल ने चेतावनी दी है कि जनता की शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। किसी भी तरह का बहाना बनाकर अफसर अपनी जिम्मेदारी से नहीं बच सकते हैं।

सोमवार को देहरादून कलेक्ट्रेट सभागार में जन सुनवाई हुई थी। इस दौरान दो शिकायतें प्रमुख थीं। इनमें एक महिला के द्वारा की गई शिकायत थी। दूसरी शिकायत वरिष्ठ नागरिकों ने की थी। जन सुनवाई के दौरान एक दिव्यांग महिला अंजना मलिक ने शिकायत दर्ज कराई कि उनके बस पास का नवीनीकरण नहीं किया जा रहा है।

# हाईवे पर पलटा कर्णप्रयाग जा रहे मजदूरों का वाहन, 11 लोग घायल

**हरिद्वार (नजरिया खबर ब्यूरो)।** ज्वालापुर कोतवाली क्षेत्र में हाईवे पर सहारनपुर से कर्णप्रयाग मजदूरी के लिए जा रहे लोगों का एक पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में 11 मजदूर घायल हो गए हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां सभी को भर्ती कर उपचार शुरू कर दिया गया है।

पुलिस के अनुसार, घटना सोमवार की देर रात की है। जब राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित रॉयल वृंदावन होटल के पास एक वाहन अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। वाहन में सवार सभी 13 लोग मजदूरी के लिए सहारनपुर से कर्णप्रयाग जा रहे थे। हादसे में 11 लोग घायल हो गए। सूचना पर कोतवाली प्रभारी अमरजीत सिंह टीम के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने न केवल घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा, बल्कि मौके पर यातायात को भी शीघ्र सामान्य किया। इंस्पेक्टर अमरजीत सिंह ने बताया कि घायल ग्राम बड़गांव, थाना गंगो, जिला सहारनपुर निवासी अमित (34) पुत्र सतपाल, ग्राम भैसरो, थाना ननौता से परितोष (50) पुत्र काशीराम, ग्राम माधोपुर, थाना तित्रों से सुनील (34) पुत्र विक्रम सिंह, ग्राम कलरपुर गुर्जर, थाना मनिहारान से पंकज (38) पुत्र फूल सिंह, अजय कुमार (27) पुत्र भरत सिंह, साहिल मेहरा (24) पुत्र राजकुमार तथा मोनू कुमार (30) पुत्र राजकुमार का अस्पताल में उपचार चल रहा है।

# नाबालिग से दुष्कर्म और गर्भपात कराने का आरोपी गिरफ्तार

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** प्रदेश राजधानी देहरादून में नाबालिग लड़की से दुष्कर्म और गर्भपात का मामला प्रकाश आया है। पीड़िता का एक साल से यौन शोषण हो रहा था। जिसके चलते वह चार माह की गर्भवती हो गयी। वर्तमान में पीड़िता की उम्र 14 वर्ष बताई जा रही है। पीड़िता चार महीने की गर्भवती थी।

पीड़िता को गर्भपात के लिए कुछ गोलियां दी गई थी, जिससे उसका बहुत अधिक रक्तस्राव हुआ। जिसके बाद उसे उपचार के लिए 108 की मदद से दून हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। इसके बाद पुलिस को इस बात की भनक लगी। इस संबंध में जानकारी मिलते ही बाल आयोग अध्यक्ष गीता खन्ना भी पीड़िता से मिलने से दून अस्पताल पहुंची। गीता खन्ना से बातचीत करते हुए नाबालिग पीड़िता ने कई चौंकाने वाले खुलासे किए। पीड़िता ने बाल आयोग अध्यक्ष गीता खन्ना को बताया था कि 13 साल की उम्र से उसका शारीरिक शोषण हो रहा था। फिलहाल पीड़िता की उम्र करीब 14 साल है यानी बीते एक साल से पीड़िता का यौन शोषण किया जा रहा था। आरोपी पीड़िता को गर्भ निरोधक गोलियां भी खिला रहा था। नाबालिग पीड़िता के साथ उसकी 19 वर्षीय बहन भी रहती थी। कोरोना काल में बच्ची की मां की मौत के बाद से दोनों बहनें अनाथों की तरह जीवन यापन कर रही थी। मिली जानकारी के अनुसार, सोमवार रात 9 जून को नाबालिग लड़की को दून अस्पताल में अत्यंत गम्भीर अवस्था में भर्ती कराया गया था।



बाल आयोग की अध्यक्ष।

# राज्य में बेहतर चल रही यात्रा के खिलाफ वातावरण बना रही कांग्रेस: मनवीर चौहान

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कहा कि प्रदेश मे बेहतर चल रही यात्रा और पर्यटक स्थलों की भीड़ से जहाँ युवा और आम जन उत्साहित हैं तो वहीं कांग्रेस द्वारा बनाया जा रहा नकारात्मक वातावरण निराशाजनक है। चौहान ने कहा कि हेली सेवाएं मानकों के तहत संचालित होती है।



नागरिक उड्डयन विभाग एवं युकाडा के अंतर्गत यात्रा उड़ान के लिए अनुमति एवं टेंडर द्वारा चिन्हित ऑपरेटर का एक ही मानक तय होता है जिसमें डीजीसीए जो भारतवर्ष की एकमात्र नागरिक उद्यान से संबंधित नोडल एजेंसी है। उसमें कहीं विभाग/इंटरनल डिपार्टमेंट होते हैं जोकि एयरक्राफ्ट चाहे वह एयरलाइन हो या प्राइवेट हेलीकॉप्टर और इंजीनियर हो या पायलट सभी की लाइसेंसिंग वही देखते हैं उन्हीं का प्रमाण पत्र देखते हुए और ऑडिट जो डीसीए करती है उसके आधार पर ऑपरेटर को चिन्हित किया जाता है। उन्होंने कहा कि हाल ही में हुई कुछ घटनाएं जो हेलीकॉप्टरों के साथ में हुई है और यात्रियों को असुविधा पहुंची है उनके कार्यों की जांच चल रही है।

विभाग की ओर से स्पष्ट किया गया है कि भविष्य में ऐसी घटनाएं किसी की गलती से ना घटे उसे पर नए मानकों को लागू कर रही है। अगर इन एक्जिस्टिंग ऑपरेटर द्वारा यदि कोई त्रुटि हुई है या जानबूझकर की गई है उन पर नियम अनुसार कार्यवाही होगी। सीएम पुष्कर सिंह धामी के द्वारा यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने और सुविधाएं मुहैया कराने के लिए समय समय पर कड़े निर्देश दिये गए हैं। उन्होंने कहा कि वेदर और तकनीकी गड़बड़ी से निपटना चुनौतीपूर्ण है, लेकिन सरकार अपने तरफ से यात्रियों की सुरक्षा के लिए निष्पक्ष रूप से इन पर जांच करेगी और आने वाले समय में इन उड़ानों को और सुरक्षित बनाने का प्रयास करती है।

उन्होंने कहा कि चार धाम यात्रा हो या कैंची धाम अथवा राज्य के अन्य पर्यटक स्थलों मे प्रति वर्ष टूरिस्ट की भीड़ बढ़ती जा रही है। राज्य मे अच्छी सड़के, वायु यातायात तथा रहने ठहरने की व्यवस्था से बाहरी राज्यों से आने वाले लोग अधिक उत्साह से राज्य की ओर रुख कर रहे हैं। इससे न केवल राज्य मे युवाओं को रोजगार मिल रहा है, बल्कि राज्य की छवि देश के बेहतर पर्यटन राज्य के रूप मे भी हुई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस राज्य हित के मुद्दों पर भी राजनीति करती रही है और यह दुर्भाग्यपूर्ण है। नकारात्मक वातावरण बनाकर वह राज्य हितों के साथ न्याय नही कर रही है।

# मुख्य सचिव ने राज्य से जुड़े मुद्दों पर विभिन्न केंद्रीय सचिवों से की भेंट, पंतनगर एयरपोर्ट के विस्तारीकरण का मिला आश्वासन

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मुख्य सचिव ने नागरिक उड्डयन सचिव समीर कुमार सिन्हा से भेंट की, जिसमें पंतनगर एयरपोर्ट के विस्तारीकरण को लेकर चर्चा की। सचिव श्री सिन्हा ने आश्वस्त किया कि आगामी छः माह में पंतनगर एयरपोर्ट का निर्माण हेतु प्रारंभ कर लिया जाएगा।

मुख्य सचिव ने देहरादून एयरपोर्ट पर देर रात्रिकालीन लैंडिंग की सुविधा हेतु भी अनुरोध किया। साथ ही हेली एम्बुलेंस सेवा को पुनः आरंभ करने, एवं पिथौरागढ़ एयरपोर्ट के सुदृढ़ीकरण को लेकर भी आग्रह किया, जिस पर नागरिक उड्डयन सचिव ने सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया। केदारनाथ में हुई हेलीकॉप्टर की क्रैश लैंडिंग की घटना के संदर्भ में मुख्य सचिव ने यात्रियों की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) से यथोचित कार्रवाई की मांग की, ताकि



केंद्रीय सचिवों से भेंट करते मुख्य सचिव आनंद बर्धन।

भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके। रोपवे और जल विद्युत परियोजनाओं से संबंधित प्रोजेक्ट की पर्यावरणीय क्लीयरेंस का किया गया अनुरोध मुख्य सचिव ने वन एवं पर्यावरण सचिव तनमय कुमार से भेंट कर त्यूणी–प्लासू जल विद्युत परियोजना, ऋषिकेश–नीलकंठ रोपवे प्रोजेक्ट, एवं सिरकारी भ्योल रूपासिया बगड़ जलविद्युत परियोजना के लिए वन स्वीकृति प्रदान करने का अनुरोध किया। ट्रैफिक मैनेजमेंट के लिए रीजनल ट्रैफिक ट्रांजिट सिस्टम का दिल्ली मेरठ से आगे ऋषिकेश तक विस्तार का अनुरोध किया गया मुख्य सचिव ने आवास और शहरी कार्य मंत्रालय के सचिव श्रीनिवास कटिकिथला से मुलाकात कर आरआरटीएस (रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम) को दिल्ली–मेरठ मार्ग से आगे हरिद्वार और ऋषिकेश तक विस्तारित करने हेतु अनुरोध किया। यह प्रस्ताव परीक्षण और दृश्यता रिपोर्ट के आधार पर क्रियान्वयन हेतु दिया गया। साथ ही देहरादून शहर में ट्रैफिक जाम और सार्वजनिक परिवहन की समस्याओं के समाधान हेतु सुझाव के लिये अनुरोध किया।

मुख्य सचिव ने पेयजल एवं स्वच्छता सचिव अशोक केके मीणा के साथ बैठक कर राज्य में जल जीवन मिशन के अंतर्गत लंबित धनराशि लगभग ₹3000 करोड़ अवमुक्त किये जाने का अनुरोध किया। साथ ही स्वच्छ भारत मिशन के तहत चार धाम यात्रा के दौरान ठोस स्वच्छता प्रबंधन व्यवस्था हेतु विशेष ध्यान देने की बात रखी। मुख्य सचिव ने रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह से मुलाकात कर राज्य के आपदा एवं राहत कार्यों के अंतर्गत भारतीय वायुसेना की सेवाओं के लिए देय शुल्क को माफ किए जाने का अनुरोध किया।

## टोयोटा ने देहरादून में माइलेज रैली का आयोजन किया

**देहरादून।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने देहरादून में अपनी माइलेज रैली का सफलतापूर्वक समापन किया। यह उत्तराखंड के प्रमुख शहरों में एक व्यापक पहल का हिस्सा था। इसका मकसद टोयोटा अर्बन क्रूजर हाइराइडर हाइब्रिड की श्रेणी में सर्वोत्तम ईंधन दक्षता का जश्न मनाना था। इस आयोजन में मौजूदा ग्राहकों के साथ भावीखरीदारों की उत्साहपूर्ण भागीदारी रही। सबने अपने ड्राइविंग कौशल का प्रदर्शन किया और साथ में हाइराइडर की उल्लेखनीय हाइब्रिड प्रौद्योगिकी को महसूस किया।

20 से अधिक प्रतिभागियों ने पहले से ईंधन भर हुए हाइराइडर हाइब्रिड वाहन चलाए। यह शहर के निर्धारित मार्ग के साथ 50–80 किलोमीटर तक फैले राजमार्ग रूट पर चलाना था। लौटने पर हाइराइडर हाइब्रिड्स का परीक्षण किया गया और ईंधन दक्षता के लिए मूल्यांकन किया गया। इसमें वास्तविक दुनिया की स्थितियों में मॉडल की उन्नत हाइब्रिड प्रणाली का प्रदर्शन किया गया।

# पोकलैंड मशीन के बकेट से हत्या की वारदात को अन्जाम देने का आरोपी गिरफ्तार

**पौड़ी (नजरिया खबर ब्यूरो)।** गुमखाल में सात जून को हुए सुमन देवरानी हत्याकांड के आरोपी को पुलिस ने हरियाणा के यमुनानगर से गिरफ्तार कर लिया है। हत्या की वारदात को अन्जाम देने के बाद आरोपी फरार हो गया था और पुलिस से बचने के लिए लगातार भाग रहा था। हत्या का आरोपी पोकलैंड मशीन का ऑपरेटर है। आरोपी ने पोकलैंड मशीन के बकेट से सुमन देवरानी की हत्या कर दी थी।

एसएसपी पौड़ी लोकेश्वर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि 7 जून को फोटोग्राफर सुमन देवरानी अपने एक साथी के साथ गुमखाल से शादी समारोह से सतपुली की ओर आ रहे थे। उस दौरान मल्ली सतपुली के पास रोड कटिंग का कार्य चल रहा था। कार्य के दौरान किसी बात को लेकर सुमन की पोकलैंड मशीन ऑपरेटर प्रवीण सिंह निवासी जोशीमठ, चमोली से बहस हो गई। बहस ने उग्र रूप ले लिया और गुस्से में आरोपी प्रवीण ने मशीन का बकेट चलाकर सुमन पर हमला कर दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

वारदात को अन्जाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। पौड़ी पुलिस द्वारा थाना सतपुली में इस संबंध में धारा 103 (1) भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया। वारदात को गंभीरता से लेते हुए आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए।

# बचपन से योग को बनाएं दिनचर्या का हिस्सा: रेखा आर्या

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** विश्व योग दिवस 21 जून को इस साल आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चे भी योगासन सीखेंगे। योग दिवस के आयोजन को लेकर कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने विधानसभा सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश जारी किए।

बैठक के बाद खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि बचपन से ही बच्चों की दिनचर्या में योग को शामिल करना जरूरी है, इसके लिए सभी अभिभावकों को और समाज को जागरूक होना होगा। उन्होंने कहा कि योग दिवस से एक सप्ताह पहले ही आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को उनके लिए उपयुक्त योगासन सिखाए जाएंगे। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि इस साल योग दिवस पर महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास



मंत्री रेखा आर्य बैठक लेते हुए।

विभाग, खेल विभाग और युवा कल्याण विभाग मिलकर एक आयोजन करने जा रहे हैं। इसमें आम लोगों के अलावा, स्पोर्ट्स कॉलेज के छात्र, शिशु सदनों के बच्चे, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां और उनके बच्चे शामिल होंगे। अलग–अलग आयु वर्ग के लोगों के लिए उपयोगी योगासन उन्हें प्रशिक्षित ट्रेनर द्वारा कराए जाएंगे। इसके अतिरिक्त बैठक में 23 जून को अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय आयोजनों की रूपरेखा की भी समीक्षा की गई खेल मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि गोलापार के मानसखंड खेल परिसर में राज्य स्तरीय आयोजन की तैयारी की जा रही है। बैठक में विशेष प्रमुख खेल सचिव अमित सिन्हा, सचिव चंद्रेश कुमार, खेल निदेशक प्रशांत आर्य, उपनिदेशक शक्ति सिंह, स्पोर्ट्स कॉलेज के प्राचार्य राजेश मंमगाई आदि शामिल हुए।

# दून कलेक्ट्रेट में नए फैसले से कर्मचारियों में बन सकती है टकराव की स्थिति

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** जिलाधिकारी कार्यालय परिसर में एक नए फैसले ने आने वाले दिनों में कर्मचारियों के बीच बड़े टकराव की स्थिति पैदा कर दी है। बात देहरादून जिले में जिला कलेक्ट्रेट के अंतर्गत स्टाफिंग पैटर्न चेंज करने से जुड़ी है।

खास बात यह है कि मिनिस्ट्रियल कर्मचारियों के संगठन से पूर्व में जुड़े कुछ कर्मचारियों ने पहले ही स्टाफिंग पैटर्न में संशोधन होने की आशंका जताकर कुछ कर्मचारियों को देहरादून जिलाधिकारी कार्यालय परिसर से बाहर तबादला किए जाने की बात कही थी और इसके लिए बाकायदा पत्र भी लिखा था। इससे पहले देहरादून जिलाधिकारी कार्यालय परिसर में कर्मचारी संगठन के पूर्व पदाधिकारी ने तब बड़ा विवाद खड़ा कर दिया था, जब उन्होंने कर्मचारियों की राजनीति में जिलाधिकारी कार्यालय के बड़े अधिकारी के भी शामिल होने के आरोप लगाए थे।

हालांकि उसे दौरान संबंधित अधिकारी ने इन आरोपों को खारिज भी किया था। अपर जिलाधिकारी प्रशासन जय भारत ने भी पूर्व में स्टाफिंग पैटर्न में बदलाव को लेकर जानकारी नहीं होने की बात कही थी। लेकिन कुछ ही दिनों में इससे जुड़ा आदेश भी जारी कर दिया गया और अब स्टाफिंग पैटर्न में हुए बदलाव के आधार पर पांच अधिकारी कर्मचारियों की तैनाती बदली गई है। इसमें कर्मचारी संगठन के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र सिंह रावत को प्रशासनिक अधिकारी तहसील ऋषिकेश भेजा गया है। खास बात यह है कि राजेंद्र सिंह रावत ने पहले ही यह आशंका जताई थी कि उन्हें देहरादून जिलाधिकारी कार्यालय से बाहर तैनाती कर हटाया जा सकता है। इसके अलावा बालक राम जोशी को प्रधान सहायक आबकारी कलेक्ट्रेट, शहनाज सिद्दीकी को कनिष्ठ सहायक न्यायिक, कंचन पलियाल को कनिष्ठ सहायक डीएलआरसी अनुभाग और वीरेंद्र सिंह को अहलमद उप जिलाधिकारी न्यायिक सदर तैनाती दी गई है।

स्टाफिंग पैटर्न में बदलाव को लेकर किए गए आदेश में लिखा गया है कि कार्मिक विभाग के आदेश और राजस्व परिषद के पत्र के अनुसार जिला कार्यालय में मिनिस्टीरियल संवर्ग के पदों के प्रचलित स्टाफिंग पैटर्न को लागू किया गया है। 4800 ग्रेड पे पर वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी के स्टाफिंग पैटर्न को संशोधित किया गया है। इसी तरह 4600 ग्रेड वेतन वाले प्रशासनिक अधिकारियों में प्रशासनिक अधिकारी राजस्व अनुभाग, प्रशासनिक अधिकारी नजारत अनुभाग, प्रशासनिक अधिकारी बांग्ला अभिलेखागार और प्रशासनिक अधिकारी आबकारी के स्टाफिंग पैटर्न में संशोधन हुआ है। ग्रेड वेतन 4200 पर प्रधान सहायक न्यायिक चतुर्थ के स्टाफिंग पैटर्न में संशोधन किया गया है। ग्रेड वेतन 2800 पर वरिष्ठ सहायक स्थापना चकराता के स्टाफिंग पैटर्न में बदलाव हुआ है।

11 June 2025_Copy of Layout 1 6/12/2025 11:34 PM Page 5



# 18 जून की रैली की तैयारी में गांव गांव बैठकें जारी, राजस्व गांव और आवारा गोवंश है मुख्य मुद्दे

**लालकुआं (नजरिया खबर ब्यूरो)।** बिंदुखत्ता राजस्व गांव के मुद्दे पर उत्तराखंड की धामी सरकार पर राजनीतिक धोखाधड़ी करने का आरोप लगाते हुए अखिल भारतीय किसान महासभा के प्रदेश अध्यक्ष आनन्द सिंह नेगी मैंने कहा कि राज्य सरकार झूठे आडंबर त्याग कर तत्काल बिंदुखत्ता को राजस्व गांव का दर्जा दिलाते हुए आवारा गोवंश पर नियंत्रित करें।

बिंदुखत्ता राजस्व गांव पर राज्य सरकार से शीघ्रता से अधिसूचना जारी करने की मांग और आवारा गोवंश के दंश को झेल रही जनता की समस्या के स्थाई समाधान के लिए राज्य सरकार और जिला प्रशासन के समक्ष अपनी मांगों को रखने के लिए अखिल भारतीय किसान महासभा बिंदुखत्ता कमेटी द्वारा आहूत 18 जून की रैली के लिए जन अभियान तेज करते हुए पूरे बिंदुखत्ता में गांव गांव में बैठकें की।



प्रदर्शन की तैयारी के लिए जनसंपर्क अभियान चलाते किसान महासभा के कार्यकर्ता।

इस दौरान कार्यकर्ताओं ने पुराना खत्ता, राजीव नगर, इन्द्रानगर, संजय नगर, तिवारी नगर, कार रोड आदि में बैठकें करते हुए किसान महासभा के प्रदेश अध्यक्ष आनन्द सिंह नेगी ने कहा कि बिंदुखत्ता राजस्व गांव के मुद्दे पर भाजपा की धामी सरकार राजनीतिक धोखाधड़ी कर रही है। भाजपा के लालकुआं विधायक मोहन सिंह बिष्ट जनता को यह बता रहे हैं कि बिंदुखत्ता राजस्व गांव बनाने के लिए पूरी प्रक्रिया, सारे प्रस्ताव, फाइल सबके सब फाइनल हो चुके हैं, यदि यह सच है तो भूमि की पैमाईश कर राजस्व गांव की अधिसूचना जारी क्यों नहीं की जा रही है, यह जवाब लालकुआं विधायक को जनता के सामने देना चाहिए। बिंदुखत्ता की जनता राजस्व गांव पर भाजपा की इस तरह की राजनीतिक धोखाधड़ी के खिलाफ लड़ने के लिए पूरी तरह तैयार है। भाकपा माले नैनीताल जिला सचिव डा कैलाश पाण्डेय ने कहा कि, ध्आवारा गोवंश के कारण किसान और आम जनता परेशान है लेकिन बार बार बात उठाने के बावजूद राज्य सरकार और जिला प्रशासन उदासीन बने हुए हैं। उक्त समस्याओं के स्थाई समाधान के लिए 18 जून को होने जा रहे विशाल चेतावनी प्रदर्शन में बढ़ चढ कर शामिल हों। जन अभियान में वरिष्ठ नेता आनन्द सिंह सिजवाली, विमला रौथाण, पुष्कर दुबड़िया, किशन बघरी, गोविन्द सिंह जीना, निर्मला शाही, अनीता अन्ना, हरीश भंडारी, बिशन दत्त जोशी, धीरज कुमार, गोपाल गड़िया, सुंदर रावत, सरिता जंगी, मुन्नी देवी, दीपा शर्मा, हंसी खत्री, प्रेमा देवी, शशि गड़िया, धन सिंह, बालम सिंह रावत, त्रिलोक राम, मीरा देवी, आनंद सिंह दानू, ललित जोशी, अंबा दत्त बचखेती, कमला मलाड़ा आदि मुख्य रूप शामिल रहे। रैली व प्रदर्शन कार्यक्रम में 18 जून को शहीद स्मारक, जड़ सेक्टर, कार रोड में एकत्र होकर एक विशाल जनसभा की जाएगी और उसके पश्चात लालकुआं तहसील तक जुलूस और ज्ञापन दिया जाएगा।

## बच्चे के साथ गलत काम करने का आरोपी गिरफ्तार

**देहरादून।** सेलाकुई थाना क्षेत्र में चार साल के मासूम बच्चे से कुकर्म करने के आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में पुलिस ने आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पीड़ित बच्चे के पिता ने 24 साल के व्यक्ति को अपनी गायों की देखभाल के लिए नौकरी पर रखा था। आरोपी यूपी के पीलीभीत का रहने वाला है, जो गायों की देखभाल करता था। आरोप है कि आरोपी बीती एक जून को पीड़ित बच्चे को खिलाने के बहाने गौशाला में लेकर गया। वहीं आरोपी ने बच्चे का साथ गलत काम किया। किसी तरह से यह बात बच्चे के पिता को पता चल गई। इसके बाद पिता ने सेलाकुई थाने में आरोपी नौकरी के खिलाफ शिकायत दी। पुलिस ने बताया कि एक व्यक्ति ने तहरीर दी थी, जिस पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को सेलाकुई से गिरफ्तार किया। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया. कोर्ट ने आरोपी को जेल भेज दिया।



## लोक संस्कृति भारतीय संस्कृति की रीढ़ : आकाश

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान चमोली, गौचर में डीएलएड प्रशिक्षुओं के द्वारा मंगलवार को एक दिवासीय सांस्कृतिक समारोह का आयोजन किया गया।

सांस्कृतिक समारोह में उत्तराखंड के विभिन्न क्षेत्रों की झांकी देखने को मिली। जिसमें मुख्य आकर्षण का केंद्र गढ़वाली मांगल गीत रहे। इसके साथ साथ गढ़वाली लोकनृत्य, जौनसारी नृत्य, कुमाउनी नृत्य एवं लोकगीतों की रंगारंग प्रस्तुति ने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया स

इस मौके पर मुख्य अतिथि संस्थान के प्राचार्य आकाश सारस्वत ने प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए कहा कि लोक संस्कृति भारतीय संस्कृति की रीढ़ है। हमारी संस्कृति हमारी अनमोल धरोहर है और शिक्षण के माध्यम से हमें इसे आने वाली पीढ़ियों तक हस्तांतरित करना है।

## जिलाधिकारी ने दीर्घावधि से लम्बित योजनाओं व समस्याओं को लेकर अधिकारियों के साथ की बैठक

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में दीर्घावधि से लंबित योजनाओं, समस्याओं को लेकर संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की।



उन्होंने जनहित में आवश्यक, महत्वपूर्ण एवं प्राथमिकता वाली योजनाओं की सूची तैयार करने के साथ ही विभागों द्वारा तीन वर्ष में किए रिफॉर्म्स इनोवेशन कार्यो का विवरण देने के साथ ही विभागों द्वारा तैयार की जाने वाली विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) को ईडीपीआर के रूप में तैयार करने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी विभागों को लम्बे समय से लंबित प्रकरण विशेषकर बड़े प्रोजेक्टों की सूची कारण सहित व जनहित से जुडे पेयजल योजना, सड़क से संबंधित मैटर जो फोरेस्ट में नोडल स्तर लंबित हैं उसकी सूची कल तक जिलाधिकारी कार्यालय को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। ताकि प्रशासन से फालोअप किया जा सके। साथ ही सभी विभागों को बडे निर्माण कार्य करने से पहले संबंधित उप जिलाधिकारी के साथ मिलकर भूमि की उपयुक्ता को लेकर निरीक्षण करने के निर्देश दिए। वहीं उन्होंने सभी नगर निकायों को हाईटैक शौचालयों का कम्बांइड प्लान बनाने, जल संस्थान को सभी बडे नगरों का ड्रेनेज प्लान बनाने व सिंचाई विभाग को बाढ़ सुरक्षा के बड़े कार्यो का प्रस्ताव देने के निर्देश दिये।

# पति की मौत के 24 घंटे के भीतर पत्नी ने भी सदमे में तोड़ा दम, बिंदुखत्ता के इस परिवार में मचा कोहराम

**लालकुआं (नजरिया खबर ब्यूरो)।** कैंसर रोग से पीड़ित पति की मौत के 24 घंटे के भीतर सदमे में पत्नी ने भी प्राण त्याग दिए, एक साथ माता–पिता दोनों की मौत होने से सभी परिजन स्तब्ध है, तथा पूरे गांव में शोक की लहर व्याप्त है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बिंदुखत्ता के पुरानाखत्ता निवासी पशुपालक एवं बिंदुखत्ता की बसासत के दौरान कागजी रूप से मजबूत, जिनके भैंसों की चराई, पशुपालन, दुग्ध व्यवसाय के आज भी कागजात होने के चलते बिंदुखत्ता राजस्व गांव के संघर्ष को एक बल मिला है, गोविंद



गोविंद सिंह बोरा और दुर्गा देवी

सिंह बोरा उम्र 72 वर्ष कैंसर से पीड़ित थे, लंबे समय तक देश के विभिन्न अस्पतालों में उनका उपचार चला, अंततः 8 जून की शाम को उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई, गोविंद सिंह बोरा की मौत पर उनके तीनों बच्चों का रो–रो कर बुरा हाल हो गया, ऐसे में गोविंद सिंह बोरा की धर्मपत्नी दुर्गा देवी ने बच्चों एवं परिजनों को ढांढस बधाते हुए उन्हें कहा कि आज से वह मां के साथ–साथ उनके पिता के रूप में हैं, पिता जी अत्यंत कष्ट में थे ईश्वर ने उनको मुक्ति प्रदान की है, वह लोग अधिक शोक ना करें, यह दिलासा देते हुए बच्चों को दुर्गा देवी समझाती रही।

गोविंद सिंह बोरा का अंतिम संस्कार हुआ, इसके 24 घंटे बाद दुर्गा देवी उम्र 64 वर्ष ने 9 जून की देर रात सदमे में दम तोड़ दिया। उनके पुत्र कार्तिक बोरा जो कि उत्तराखंड पुलिस में सेवारत है का एक माह पूर्व विवाह हुआ है, गोविंद सिंह बोरा और दुर्गा देवी अपने पीछे पुत्र कार्तिक तथा दो बेटियों जिनका विवाह हो चुका है नव विवाहिता बहू समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं।

मंगलवार की प्रातः अत्यंत गमगीन माहौल में दुर्गा देवी का भी चित्राशिला घाट रानीबाग में अंतिम संस्कार किया गया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री राजेंद्र सिंह बिष्ट, मदन सिंह बोरा, नगर पंचायत लालकुआं के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह लोटनी, वरिष्ठ भाजपा नेता भरत नेगी, रंजीत बोरा, अमित बोरा, विपिन बोरा, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता हरेंद्र सिंह बोरा, हेमवतीनंदन दुर्गापाल, व्यापार मंडल अध्यक्ष दीवान सिंह बिष्ट, धन सिंह बिष्ट, पुष्कर दानू, सहित भारी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद थे।

24 घंटे के भीतर पति–पत्नी की मौत से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है, वहीं उनके रिश्तेदार भी अत्यंत दुखी हैं, क्योंकि एक माह पूर्व ही दुर्गा देवी ने अपने बेटे की धूमधाम के साथ शादी की थी, दुर्गा देवी पति की देखभाल के साथ–साथ पूरे परिवार की जिम्मेदारी का बखूबी निर्वहन कर रही थी, उनकी मौत से परिवार को गहरा धक्का लगा है।

11 June 2025_Copy of Layout 1 6/12/2025 11:34 PM Page 6



# कैंची धाम स्थापना दिवस की तैयारी शुरू, डीएम ने अधिकारियों के साथ की बैठक



**नैनीताल (नजरिया खबर ब्यूरो)।** जिलाधिकारी वंदना ने सोमवार को कैंची धाम मंदिर परिसर में आगामी 15 जून को होने वाले कैंचीधाम स्थापना दिवस मेले के आयोजन के सम्बन्ध में अधिकारियों एवं मंदिर समिति के सदस्यों के साथ बैठक की।

बैठक के उन्होंने मेले को सुव्यवस्थित व सफलतापूर्वक संपन्न कराए जाने हेतु विभिन्न व्यवस्थाओं पर चर्चा करते हुए किए जा रहे कार्यों की जानकारी लेते अधिकारीयों को मेले को संपन्न कराए जाने हेतु दिए गए दाईत्वों के बारे में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कैंची धाम का यह आयोजन हमारे जिले व राज्य के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है इसमें लाखों की संख्या में भक्त श्रद्धालु बाबा जी के दर्शन को आते हैं, इसलिए किसी भी श्रद्धालु को कोई परेशानी न हो इस हेतु सभी अधिकारी दिए गए दाईत्वों का समय से निर्वहन करें। बैठक के दौरान उन्होंने श्रद्धांलुओं के वाहनों हेतु विभिन्न स्थानों में बनाई गई पार्किंग स्थलों में आवश्यक व्यवस्था पेयजल, विद्युत आपूर्ति, शौचालय, सफाई व्यवस्था आदि व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में जानकारी लेते इस हेतु तैनात सम्बंधित अधिकारीयों को 12 जून तक सभी व्यवस्था पूर्ण करने के निर्देश दिए।

मेले के दौरान सफाई व्यवस्था के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने मेला परिसर में नियमित साफ सफाई करने हेतु अतिरिक्त कर्मचारियों की तैनाती, शिप्रा नदी में नियमित साफ सफाई करने, सुरक्षा हेतु नदी किनारे ताड़बाड़ करने, सड़कों की साफ सफाई आदि की उचित व्यवस्था करने के निर्देश अधिकारीयों को दिए। जिलाधिकारी ने लोनिवि के अधिकारियों को नैनीबैंड– सेनिटोरियम बाई पास और भीमताल बाईपास स्थित निर्माणाधीन नहर कवरिंग को जल्द पूरा करने तथा सभी पार्किंग स्थानों सहित मंदिर के समीप बनाए गए पाथवे की समय पर बैरिकेडिंग करने के साथ ही आवश्यक स्थानों में साइनेज लगाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने लोनिवि के अधिशासी अभियंता को कैंची धाम में निर्माणाधीन पाथवे को तीन दिन के भीतर कार्य पूरा करने को कहा।

उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों कैंची धाम और शिप्रा नदी के आस पास विशेष साफ सफाई और सुरक्षा की दृष्टि के लिए बैरिकेड और ताड़बाड़ कराने के निर्देश दिए। उन्होंने ईओ भवाली, व अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत को भवाली से कैंची धाम तक नियमित साफ सफाई करने व विभिन्न स्थानों में मोबाइल टॉयलेट रखने के निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि सभी पार्किंग स्थलों में साफ सफाई, शौचालय पानी बिजली आदि की व्यवस्था सुचारु हो इस हेतु प्रत्येक स्थान पर कार्मिक तैनात कर उनकी सूची उपलब्ध कराई जाय।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि नैनीताल, भवाली, भीमताल और कैंची धाम तक सड़क मार्ग में कहीं भी फूड वैन, ठेले पूर्ण रूप से बंद रहेंगे। बताया कि कोई सेवादार सेवा देना चाहता है तो वह अपनी भूमि या पार्किंग स्थलों में सेवा दे सकता है इसके लिए पूर्व में उपजिलाधिकारी कैंची धाम से अनुमति लेनी होगी, सड़क किनारे या मंदिर के आस पास निशुल्क सेवा पूर्ण रूप से बंद रहेगी। जिससे मेले के दौरान सड़कों में जाम की समस्या कम रहेगी और यातायात भी आसानी से सुचारू रहेगा।

इस दौरान जिलाधिकारी ने आरटीओ से मेले के दौरान शटल सेवा में प्रयुक्त होने वाले वाहनों के विस्तृत जानकारी ली।आरटीओ गुरदेव सिंह ने बताया हल्द्वानी से भीमताल शटल सेवा में करीब 100 छोटे–बड़े वाहन, भीमताल से कैंची धाम से पुरानी वन विभाग की चौकी 40, नैनीताल से सेनिटोरियम तक 50 छोटे बड़े वाहन शटल सेवा में चलेंगे।जिलाधिकारी सभी मार्गो से आ रहे वाहनों पर कोडिंग कलर स्टीकर व निर्धारित किराया सम्बंधित स्टीकर लगाने के निर्देश दिए जिससे सभी वाहन अपने मार्ग में सुचारू रूप से चल सके, और श्रद्धांलुओं को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने बुजुर्ग दिव्यांग और बीमार व्यक्तियों को शटल सेवा के माध्यम से मंदिर गेट तक पहुंचाने के लिए 2 अतिरिक्त शटल वाहनों की व्यवस्था कराने के भी निर्देश परिवहन विभाग को दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि कैचीधाम मेला प्लास्टिक मुक्त मेला संपन्न कराना है इस हेतु सभी को इसमें सहयोग करने के साथ ही प्लास्टिक का उपयोग पर प्रतिबन्ध लगाना होगा उन्होंने सभी शटल वाहनों में कूड़ादान लगाए जाने के भी निर्देश परिवहन विभाग को दिए।

# हनुमान ध्वजा स्थापना के साथ बमोथ में रामलीला मंचन की तैयारी हूई शुरू

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** विकासखंड पोखरी की ग्राम पंचायत बमोथ में सात साल बाद 12 जून से हो रहे रामलीला मंचन के लिए हनुमान ध्वजा स्थापना के साथ रामलीला मंचन की तैयारी शुरू हो गई है।

आज मंगलवार को ग्रामवासियों द्वारा अपने भूमि भूमियाल रावल देवता मंदिर में पूजा–अर्चना के साथ हनुमान जी की ध्वजा को गाजे बाजे और जय श्री राम उदघोष के साथ पंचायत भवन परिसर में लाया गया तथा विधि विधान व हनुमान चालीसा, पूजा पाठ के साथ स्थापित कर दिया गया।

इस अवसर पर पंडित प्रदीप लखेड़ा, ग्राम पंचायत प्रशासक के प्रतिनिधि पूर्व प्रधान प्रकाश रावत, क्षेत्र पंचायत सदस्य के प्रतिनिधि धीरेन्द्र सिंह चौधरी, रामलीला मंडली के कोषाध्यक्ष धन सिंह ठाकुर, हारमोनियम मास्टर विनोद प्रसाद पुरोहित, जगमोहन भट्ट, प्रधानाचार्य राकेश प्रसाद ममगाईं, प्रबंधक संजय लखेड़ा, पांडव लीला मंडली के अध्यक्ष जयन्ती प्रसाद पन्त, प्रीतम ठाकुर, विजय भट्ट, नत्था सिंह मल्ल, सतेन्द्र सिंह मल्ल, रामलीला मंचन में किरदार निभाने वाले युवक मौजूद थे।

हनुमान ध्वजा स्थापना के इस कार्यक्रम में डोल वादक के रूप में संतोष कुमार सहित महिलाओं ने भी प्रतिभाग किया। अन्त में सभी को रामलीला मंडली द्वारा प्रसाद वितरित किया गया।

# जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने शिक्षा विभाग और इसके अन्तर्गत संचालित केन्द्र पोषित योजनाओं की समीक्षा की

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में शिक्षा विभाग व इसके अन्तर्गत संचालित केन्द्र पोषित योजनाओं की समीक्षा की।

उन्होंने सभी खण्ड शिक्षा अधिकारियों को नियमित रूप से विद्यालयों का विजिट करने और स्मार्ट क्लासेज के माध्यम से पठन पाठन कराने के निर्देश दिये। वहीं उन्होंने हर ब्लॉक में 02–02 स्कूल टेकअप कर समग्र शिक्षा और अन्य योजनाओं से आदर्श स्कूल के रूप में तैयार करने निर्देश दिए दिये । उन्होंने विद्यालय के छात्रों के हिसाब से अध्यापकों की नियुक्ति (रेशनलाइजेशन) को लेकर खण्ड




शिक्षा अधिकारियों को 10 दिन में कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिये।

मुख्य शिक्षा अधिकारी धर्म सिंह ने बताया कि उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा की बोर्ड परीक्षा 2025 में हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम 94.63 व इंटरमीडिएट में 90.26 रहा। हाईस्कूल परीक्षा में जनपद चमोली प्रदेश में पांचवें स्थान और इंटर में तीसरे स्थान पर रहा। बताया कि प्राथमिक में 05 से कम छात्र संख्या के 155 विद्यालय व उच्च प्राथमिक में 21 विद्यालय हैं।

# ज्योतिर्मठ से लापता महिला को चमोली पुलिस ने चंडीगढ़ से सकुशल बरामद कर किया परिजनों के सुपुर्द

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** 6 मई को कोतवाली ज्योतिर्मठ में एक स्थानीय निवासी द्वारा अपनी पत्नी के घर से बिना बताए कहीं चले जाने और काफी तलाश के बाद भी न मिलने के संबंध में एक प्रार्थना पत्र दिया गया था।

मामला महिला से संबंधित होने के कारण उच्चाधिकारियों ने इसका गंभीरता से संज्ञान लिया और कोतवाली ज्योतिर्मठ पुलिस को तत्काल गुमशुदगी दर्ज कर गुमशुदा की तलाश हेतु एक विशेष टीम गठित करने के निर्देश दिए।



गठित पुलिस टीम द्वारा गुमशुदा महिला के पम्पलेट आदि छपवाकर डीसीआरबी (जिला अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो) और एससीआरबी (राज्य अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो) के माध्यम से विभिन्न जिलों व राज्यों को प्रेषित किए गए। इसके साथ ही सर्विलांस की मदद ली गई और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर भी महिला की तलाश के संबंध में व्यापक प्रचार–प्रसार किया गया। हालांकि, इन शुरुआती प्रयासों से गुमशुदा महिला के संबंध में कोई ठोस या लाभप्रद सूचना प्राप्त नहीं हो पाई।

विवेचना के दौरान लगभग दो माह बाद प्रकाश में आया कि 24 मई को एक अज्ञात मोबाइल नम्बर से गुमशुदा के पति के नम्बर पर एक कॉल आई थी, लेकिन सामने से किसी के द्वारा कोई बात नहीं की गई। पुलिस ने इस कॉल को संदिग्ध मानते हुए छानबीन शुरू की। विवेचक द्वारा उक्त नम्बर के संबंध में सर्विलांस सेल की टीम की सहायता से लोकेशन और अन्य जानकारी प्राप्त की गई, जिससे पता चला कि उक्त मोबाइल नम्बर चंडीगढ़ का है।

पुलिस टीम ने सूझबूझ दिखाते हुए उक्त नम्बर से किसी भी प्रकार का सीधा संपर्क नहीं बनाया। इसके बजाय, पूरी तैयारी के साथ, पुलिस टीम सीधे चंडीगढ़ के लिए रवाना हुई। चंडीगढ़ पहुंचकर, सर्विलांस से प्राप्त पते पर पुलिस पूछताछ में पता चला कि इस घर में गुमशुदा महिला की बुआ रहती है, और गुमशुदा महिला विगत लगभग तीन माह से यही रह रही है। इसके बाद पुलिस द्वारा गुमशुदा महिला से पूछताछ की गई तो महिला ने बताया कि घर में लड़ाई झगडे होने के कारण वह बिना बताए घर छोड़कर यहां आ गई थी।

जिसके पश्चात पुलिस टीम द्वारा गुमशुदा महिला को चंडीगढ़ से सकुशल बरामद कर 09 जूनको कोतवाली ज्योतिर्मठ वापस लाया गया। कोतवाली में आवश्यक कार्यवाही पूर्ण करने के उपरांत, महिला को सकुशल उनके पति के सुपुर्द कर दिया गया।

11 June 2025_Copy of Layout 1 6/12/2025 11:34 PM Page 7



# विकासखंड द्वाराहाट के अंतर्गत बहुउद्देशीय शिविर आयोजित

**रानीखेत/द्वाराहाट (नजरिया खबर ब्यूरो)।** विकसित भारत का अमृत काल, सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के 11 साल' कार्यक्रम के तहत आज विकासखंड द्वाराहाट के अंतर्गत एक बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन रामलीला मैदान बग्वालीपोखर में कैबिनेट मंत्री डॉ धन सिंह रावत की अध्यक्षता में आयोजित हुआ।




वर्तमान केंद्र की मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित इस शिविर में लोगों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और अपनी समस्याओं का समाधान कराया तथा सरकारी योजनाओं का लाभ उठाया। 'इस शिविर में कैबिनेट मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने ग्राम्य विकास एवं हिमोत्थान योजना के अंतर्गत स्वयं सहायता समूह की 32 महिलाओं को 15 लाख रुपए से अधिक के चेक वितरित किए।' महिलाओं को यह धनराशि उन्हें रोजगार स्थापित करने के लिए दी गई है। 5 दिव्यांग व्यक्तियों को सहायक उपकरण वितरित किए गए, 5 महिलाओं को महालक्ष्मी किट का वितरण भी कैबिनेट मंत्री ने किया। 12 व्यक्तियों को विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रशस्ति पत्र भी दिए तथा कैबिनेट मंत्री ने प्रशस्ति पत्र प्राप्त करने वाले व्यक्तियोंबके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि चेक के माध्यम से दी गई इस धनराशि से महिलाएं स्वावलंबन के क्षेत्र में कदम बढ़ाएंगी। वें अपना स्वयं का रोजगार स्थापित कर अन्य महिलाओं को भी प्रेरणा देने का कार्य करेंगी। हमारी सरकार महिला सशक्तिकरण को लेकर संवेदनशील है तथा महिला उत्थान के लिए कार्यबकर रही है। कैबिनेट मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने इस दौरान अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार गरीबों के उत्थान के लिए कार्य कर रहे हैं। उनके नेतृत्व में देश लगातार प्रगति कर रहा है तथा देश की साख बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में राज्य को लगातार नित नई ऊंचाइयों पर ले जा रहे हैं। उनके नेतृत्व में राज्य उन्नति के पथ पर अग्रसर है। हमारी सरकार गांव गांव जाकर लोगों की समस्याओं का समाधान करने के लिए कृत संकल्पित है तथा लोगों का विकास करना भी हमारा ध्येय है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड राज्य श्रेष्ठ राज्य बनने की दिशा में कदम बढ़ा रहा है। उत्तराखंड में लागू हुआ सशक्त भू कानून तथा समान नागरिक संहिता राज्य की प्रगति के सशक्त स्तंभ बन गए हैं। पलायन की समस्या के समाधान के लिए भी वर्तमान सरकार लगातार कार्य कर रही है। इस दिशा में सरकार ने कई अहम फैसले लिए हैं।

उन्होंने यहां उपस्थित जनता को विश्वास दिलाया कि वे जो भी समस्याएं यहां लेकर आए हैं, उन पर कार्यवाही जरूर होगी। किसी को भी निराश नहीं होना पड़ेगा। शिविर में आई समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता से किया जाए। इस शिविर में कुल 72 शिकायतें विभिन्न विभागों से संबंधित पंजीकृत हुई तथा कई लोगों ने मौखिक रूप से अपनी समस्याओं से कैबिनेट मंत्री को अवगत कराया। कैबिनेट मंत्री ने एक एक फरियादियों की समस्याएं सुनी तथा मौके पर ही उपस्थित अधिकारियों को उनकी समस्या का समाधान करने हेतु निर्देशित किया।

## टोयोटा ने देहरादून में माइलेज रैली का किया आयोजन

**देहरादून।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने देहरादून में अपनी माइलेज रैली का सफलतापूर्वक समापन किया। यह उत्तराखंड के प्रमुख शहरों में एक व्यापक पहल का हिस्सा था। इसका मकसद टोयोटा अर्बन क्रूजर हाइराइडर हाइब्रिड की श्रेणी में सर्वोत्तम ईंधन दक्षता का जश्न मनाना था। इस आयोजन में मौजूदा ग्राहकों के साथ भावीखरीदारों की उत्साहपूर्ण भागीदारी रही। सबने अपने ड्राइविंग कौशल का प्रदर्शन किया और साथ में हाइराइडर की उल्लेखनीय हाइब्रिड प्रौद्योगिकी को महसूस किया। 20 से अधिक प्रतिभागियों ने पहले से ईंधन भर हुए हाइराइडर हाइब्रिड वाहन चलाए। यह शहर के निर्धारित मार्ग के साथ 50–80 किलोमीटर तक फैले राजमार्ग रूट पर चलाना था। लौटने पर हाइराइडर हाइब्रिड्स का परीक्षण किया गया और ईंधन दक्षता के लिए मूल्यांकन किया गया। इसमें वास्तविक दुनिया की स्थितियों में मॉडल की उन्नत हाइब्रिड प्रणाली का प्रदर्शन किया गया।

# एसयूडी लाइफ निफ्टी अल्फा 50 इंडेक्स पेंशन फंड लॉन्च किया

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** स्टार यूनियन दाई–इची लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (एसयूडी लाइफ) ने पॉलिसीबाज़ार के साथ साझेदारी कर एसयूडी लाइफ निफ्टी अल्फा 50 इंडेक्स पेंशन फंड पेश किया है।

यह उच्च संभावनाओं वाला नया इक्विटी फंड एसयूडी लाइफ की यूलिप पेंशन योजना एसयूडी लाइफ पेंशन प्लस के लिए तैयार किया गया है। यह अभिनव फंड ग्राहकों को दीर्घकालिक संपत्ति निर्माण का रणनीतिक विकल्प प्रदान करता है, जिससे वे अपने सेवानिवृत्ति के बाद की आर्थिक सुरक्षा को और अधिक मजबूत बना सकें। एसयूडी लाइफ निफ्टी अल्फा 50 इंडेक्स पेंशन फंड भारत की शीर्ष 300 कंपनियों में से चयनित 50 उच्च प्रदर्शन करने वाले शेयरों में निवेश करता है। यह फंड वित्तीय सेवाएं, उपभोक्ता वस्तुएं, पूंजीगत वस्तुएं एवं अधोसंरचना, स्वास्थ्य सेवा, प्रौद्योगिकी, तेल, धातु एवं खनन, ऑटोमोबाइल एवं सहायक उद्योग तथा निर्माण एवं रियल एस्टेट जैसे प्रमुख क्षेत्रों में रणनीतिक रूप से निवेश करता है। प्रत्येक तिमाही में पोर्टफोलियो का पुनर्मूल्यांकन किया जाता है जिससे यह बाजार के अनुकूल बना रहे। एसयूडी लाइफ के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी अभय तिवारी ने कहा, एसयूडी लाइफ निफ्टी अल्फा 50 इंडेक्स पेंशन फंड के ज़रिए हम अपने ग्राहकों को एक मजबूत दीर्घकालिक निवेश माध्यम प्रदान कर रहे हैं।

# परमवीर चक्र विजेता योगेन्द्र सिंह यादव ने दरबार साहिब में टेका माथा

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** परमवीर चक्र विजेता योगेन्द्र सिंह यादव ने मंगलवार को श्री दरबार साहिब में माथा टेका। उन्होंने श्री दरबार साहिब के सज्जादे गद्दी नशीन श्रीमहंत देवेन्द्र दास जी महाराज के साथ शिष्टाचार भेंट की और आशीर्वाद प्राप्त किया। कैप्टन योगेन्द्र सिंह यादव देश के सबसे युवा परमवीर विजता हैं और एक सेवानिवृत्त भारतीय सैन्य अधिकारी हैं। कारगिल युद्ध के दौरान 4 जुलाई 1999 की कार्रवाई के लिए उन्हें उच्चतम भारतीय सेना सम्मान परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया। वह देश के युवाओं के बीच भारतीय सेना के एक जॉबाज़ स्थापित रोल मॉडल के रूप में जाने जाते हैं।


महंत देवेन्द्र दास जी महाराज से भेंट करते योगेंद्र सिंह यादव।

मंगलवार को श्री दरबार साहिब की परंपरा के अनुसार परमवीर चक्र विजेता योगेन्द्र सिंह यादव का स्वागत किया गया। श्रीमहंत देवेन्द्र जी महाराज के साथ भेंटवार्ता के दौरान उन्होंने सैन्य जीवन से जुड़े अनुभवों को सांझा किया। कारगिल युद्ध के हीरो योगेन्द्र सिंह यादव बुलंदशहर के निकट औरंगाबाद अहीर के रहने वाले हैं। कारगिल युद्ध के दौरान उनके शरीर में 17 गोलियां समा चुकी थीं लकिन परमवीर योगेन्द्र सिंह यादव का जज्बा नहीं डिगा, डिगता भी कैसे उनके रोम रोम में देशप्रेम उन्हें साहस दे रहा था। योगेन्द्र सिंह रावत ने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि देश की रक्षा सर्वोपरि है। देश की रक्षा में सैनिकों का योगदान महत्वपर्ण है। सैनिकों के हौंसले से ही देश की सीमाएं सुरक्षित हैं।

# मोदी सरकार के 11 साल: सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण की थीम पर भाजपा के जश्न की शुरुआत

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** केंद्र की मोदी सरकार के कार्यकाल को 11 साल पूरे होने पर उत्तराखंड में भाजपा ने अपने कार्यक्रमों की शुरुआत कर दी है। इसी के तहत मंगलवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने प्रदेश कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। महेंद्र भट्ट ने अपने महीने भर के कार्यक्रमों की जानकारी दी। जबकि सीएम धामी ने केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियों का बखान किया।



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि, मोदी शासन के 11 सालों के कार्यकाल को लेकर सभी जिलों में कार्यक्रम शुरू कर दिए गए हैं। 11 जून से राज्य से सभी जिलों में केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को लेकर लगाई गई प्रदर्शनियों का अवलोकन किया जाएगा। साथ ही सभी जिलों में प्रेस कॉन्फ्रेंस भी आयोजित की जाएंगी। जिसमें सरकार के मंत्री, सांसद और संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करेंगे। इसके अलावा प्रमुख सम्मेलन भी आयोजित किए जाने हैं। जिसमें 19 संगठनात्मक जिलों में 57 वक्ताओं को भेजा जाएगा। वहीं प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मोदी कार्यकाल के 11 वर्ष पूरे होने पर इस दिन को ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि यह भारत की राजनीति का ऐतिहासिक कालखंड है। जब भारत पूरी दुनिया का केंद्र बना है। हम उस युग में जी रहे हैं जहां हमें अपने देश को विकासशील से विकसित होते देखने का सौभाग्य प्राप्त होगा। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि यह 11 साल वही हैं, जब पहली बार पॉलिटिक्स में परफॉर्मेंस की एक नई मिसाल कायम की गई। साल 2014 में मोदी गवर्नमेंट आने से पहले बिचौलियों की मौज हुआ करती थी और साल 2014 के बाद गवर्नमेंट सीधे लाभार्थी से जुड़ी, और सरकार की योजनाओं का लाभ डायरेक्ट ग्राउंड जीरो पर पहुंचने लगा।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि 14 से पहले भारत देश में केवल आयात हुआ करता था। लेकिन मोदी गवर्नमेंट आने के बाद देश ने एक्सपोर्ट इंडस्ट्री में एक नया मुकाम हासिल किया और आज भारत, दुनिया के टॉप एक्सपोर्टर कंट्री में शामिल है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार में पिछले 11 सालों में 27 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर निकले हैं, जो कि कई जनकल्याणकारी योजनाओं का असर है। इसी की वजह से गरीबी की दर में 5 फीसदी की कमी आई है। धारा 370, तीन तलाक, वक्फ संशोधन केवल मोदी ने मुमकिन किया है।

सीएम ने आगे कहा कि ऑपरेशन सिंदूरश् से मोदी ने दुनिया को स्पष्ट कर दिया है कि आतंकवाद के खिलाफ घर में जाकर बदला लिया जाएगा।

# गोल्डन कार्ड की विसंगतियां होंगी दूरः मंत्री डॉ. धन सिंह रावत

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** राज्य कर्मचारियों एवं पेंशनर्स को गोल्डन कार्ड के माध्यम से उपचार में आ रही दिक्कतों को शीघ्र दूर किया जायेगा। इसके लिये दोनों संगठनों के साथ बैठक कर सुझाव प्राप्त करने के उपरांत ठोस प्रस्ताव तैयार कर कैबिनेट में रखा जायेगा।

जिसमें विभिन्न बीमारियों के पैकेज में सुधार एवं राज्य के कुछ बड़े हॉस्पिटल्स को इम्पैनल किया जायेगा। इसके अलावा प्रदेशवासियों के शत–प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाने में आ रही व्यावहारिक दिक्कतों को दूर किया जायेगा। जिसके तहत आयुष्मान कार्ड बनाने के लिये परिवार रजिस्टर की नकल को भी मान्य किये जाने हेतु प्रस्ताव कैबिनेट में रखा जायेगा।




मंत्री धन सिंह रावत बैठक लेते हुए।

सूबे के चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने आज राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण के सभागार में विभागीय समीक्षा बैठक की। जिसमें उन्होंने गोल्डन कार्ड धारकों को उपचार में आ रही विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिये शीघ्र कर्मचारी एवं पेंशनर्स संगठनों के साथ बैठक कर सुझाव प्राप्त करते हुये कैबिनेट हेतु ठोस प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। उन्होंने कहा कि विभिन्न कर्मचारी संगठनों द्वारा गोल्डन कार्ड के माध्यम से उपचार में आ रही दिक्कतों से अवगत कराया है। जिसको ध्यान में रखते हुये गोल्डन कार्ड के पैकेज में सुधार करने के साथ ही जिन पेंशनर्स व कर्मचारियों ने गोल्डन कार्ड योजना को छोड दिया था उन्हें दोबारा योजना में शामिल करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। डॉ. रावत ने कहा कि गोल्डन कार्ड योजना से प्रदेश के कुछ बड़े सुपर स्पेशलिटी अस्पतालों को जोड़ने का भी प्रयास किया जा रहा है ताकि राज्य कर्मचारियों को बेहतर से बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सके। इसके लिये भी अधिकारियों को इन हॉस्पिटल संचालकों से बैठक कर विचार–विमर्श करने के निर्देश दिये। विभागीय मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य प्रदेश के शत–प्रतिशत लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाने का है। लेकिन कई लोगों के पास राशन कार्ड न होने के कारण उनके आयुष्मान कार्ड नहीं बन पा रहे हैं। इस समस्या के समाधान के लिये सरकार ने परिवार रजिस्टर की नकल को मान्यता देने का निर्णय लिया है। जिसका प्रस्ताव आगामी कैबिनेट में रखा जायेगा ताकि सभी प्रदेशवासियों को आयुष्मान का लाभ मिल सके। आयुष्मान योजना का लाभ छोड़ सकते हैं सम्भ्रांत लोगः स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने प्रदेश के सम्पन्न एवं सक्षम लोगों से अपील की है कि वह चाहें तो अपना आयुष्मान योजना का कार्ड निरस्त कर योजना का लाभ छोड़ सकते हैं ताकि प्रदेश के अन्य जरूरतमंद लोगों को इस योजना का अधिक से अधिक लाभ मिल सके। इसके लिये उन्होंने सभी मुख्य चिकित्साधिकारियों को जनपद स्तर पर सम्भ्रांत वर्ग के लोगों के साथ बैठक कर प्रस्ताव पर विचार करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में हजारों परिवार ऐसे हैं जो अपना उपचार किसी भी बड़े निजी अस्पताल में करा सकते हैं। यदि ऐसे लोग आयुष्मान कार्ड योजना का लाभ न लें तो उनके स्थान पर जरूरतमंद लोगों को बेहतर उपचार मिलने के साथ ही योजना के अंतर्गत होने वाले व्यय भार में भी कमी आयेगी।

## विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत न्याय पंचायत केन्द्र बमोथ की रानौं व सूगी ग्राम पंचायत हुई बैठकें

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** पोखरी विकासखंड के अन्तर्गत न्याय पंचायत बमोथ की रानौं व सूगी ग्राम पंचायत में विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत कृषि विशेषज्ञों सहित पशुपालन विभाग, उद्यान विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों ने बैठकें आयोजित कर कृषकों को विभागीय योजनाओं, तकनीकी जानकारी व समाधानपरक सुझावों से अवगत कराया।

बैठको में मंडुवा उत्पादन को प्रोत्साहित करने हुऐ जानकारी दी गई कि भारत सरकार द्वारा डीबीटी के माध्यम से किसानों को प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। बैठक में 14 व 15 जून को देहरादून (गाड़ी कैंट) में भाग लेने हेतु इच्छुक किसानों के नाम भी दर्ज किए गये। तथा बताया गया है कि कृषि मेले में भाग लेने वाले प्रतिभागियों के आने जाने और खानपान की व्यवस्था संबंधित विभाग द्वारा की जायेगी।

कृषकों को कृषि विज्ञान केन्द्र ग्वालदम से डॉ. एस. एस. सिंह, डॉ शिव दयाल प्रभारी अधिकारी कृषि विज्ञान केन्द्र ग्वालदम, कृषि विभाग से डॉ गोपाल जायसवाल, अनिल नेगी, मनोज रोतेला, अधिनस्थ सहायक कृषि अधिकारी न्याय पंचायत केन्द्र बमोथ के हर्ष बालियान, उद्यान विभाग पोखरी के रविन्द्र चौहान ने विभागीय जानकारी दी तथा आयुर्वेदिक चिकित्सालय सूगी की चिकित्साधिकारी डॉ हेमू रावत ने योगाभ्यास क्रियाओं को कराया गया।

## शराब पीकर हुड़दंग मचाने वाला गिरफ्तार

**देहरादून।** शराब पीकर सरेराह गुंडागर्दी करने वाले शातिर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इसके साथ ही सत्यापन न कराने पर आरोपी के मकान मालिक के खिलाफ भी कार्यवाही अमल में लाई गयी है। जानकारी के अनुसार मसूरी पुलिस को सूचना मिली कि एक व्यक्ति माल रोड कुलड़ी चिक चॉकलेट के पास नशे की हालत में सारेराह हुड़दंग कर आमजन को परेशान कर रहा है। उक्त घटना का तत्काल संज्ञान लेते हुए पुलिस ने तत्काल कार्यवाही करते हुए हुड़दंग कर रहे युवक बलवीर पुत्र फते सिंह, निवासी रंडोली चमोली हाल निवासी कंट्री इन होटल, कैमल बैक रोड को माल रोड कुलड़ी चिक चॉकलेट से गिरफ्तार कर युवक के खिलाफ वैधानिक कार्यवाही की गई।

## सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** भारत की कल्याणकारी संरचना अंत्योदय, देश के प्रत्येक व्यक्ति का उत्थान और विकास सुनिश्चित करने के सिद्धांत से निर्देशित रही है। इस दर्शन ने समावेशी सशक्तिकरण के निर्णायक बदलाव, जिसमें सरकार ने प्रत्येक प्रमुख योजना में 100 प्रतिशत संतृप्ति का लक्ष्य रखा है, को रूप दिया है।

पिछले ग्यारह वर्षों में, करोड़ों वंचित परिवारों को पहली बार नल का पानी, बिजली, शौचालय, आवास, स्वास्थ्य सेवा, स्वच्छ खाना पकाने का ईंधन, बीमा और डिजिटल सेवाओं जैसी आवश्यक सुविधाएँ प्राप्त हुई हैं। इन लक्षित, समावेशी प्रयासों ने मापने योग्य परिणाम दिए हैं। हाल ही में आईएमएफ के एक कार्य पत्र ने भारत में अत्यधिक गरीबी को प्रभावी ढंग से समाप्त करने का श्रेय भारत सरकार को दिया। संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) द्वारा जारी 2023 वैश्विक बहुआयामी गरीबी सूचकांक (एमपीआई) ने भारत में बहुआयामी गरीबी के सभी दस संकेतकों में उल्लेखनीय गिरावट की पुष्टि की। ये उपलब्धियाँ शासन के एक नए युग को दर्शाती हैं–जो समानता पर आधारित है, आंकड़ों द्वारा पुष्ट हैं, और प्रत्येक नागरिक की सेवा करने के संकल्प द्वारा संचालित है। भारत ने गरीबी के खिलाफ अपनी लड़ाई में महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं, जो सबसे कमजोर लोगों के उत्थान के लिए उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। विश्व बैंक के स्प्रिंग 2025 गरीबी और समानता ब्रीफ के अनुसार, देश ने पिछले दशक में 171 मिलियन लोगों को अत्यधिक गरीबी से बाहर निकाला है।

प्रतिदिन 2.15 डॉलर से कम पर जीवन यापन करने वाली आबादी का हिस्सा तेजी से गिरा है–2011–12 में 16.2 प्रतिशत से 2022–23 में केवल 2.3 प्रतिशत रह गया। निम्न–मध्यम आय वाले देशों के लिए प्रतिदिन 3.65 डॉलर के बेंचमार्क पर, गरीबी 61.8ः से घटकर 28.1ः हो गई, जिसका अर्थ है कि 378 मिलियन लोग इस रेखा से ऊपर चले गए।

## न्यूज डायरी

### शिव मंदिर कमेटी ने किया शरबत वितरण कार्यक्रम



**लालकुआं।** क्षेत्र में पढ़ रही भीषण गर्मी से हलकान लोगों को राहत दिलाने के लिए ज्येष्ठ पूर्णिमा के अवसर पर शिव मंदिर कमेटी लालकुआं द्वारा नगर में शरबत वितरण का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें हजारों लोगों को शरबत का वितरण किया गया। शिव मंदिर कमेटी के पदाधिकारियों ने मंगलवार की प्रातः 10 बजे से शिव मंदिर के सामने हाईवे में आवागमन कर रहे लोगों को श्रद्धा भाव से मीठा शरबत पिलाया। सुबह 10 बजे से शरबत वितरण का कार्यक्रम शुरू किया गया, जो दोपहर बाद तक चलता रहा, इस दौरान मंदिर कमेटी के कार्यकर्ता आने जाने वाले वाहनों को भी रोक कर यात्रियों को बाबा भोलेनाथ के प्रसाद के रूप में मीठा शरबत वितरण कर रहे थे। इस अवसर पर मंदिर के प्रधान पुजारी पंडित राजीव गौड़, नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह लोटनी, ब्यापार मण्डल अध्यक्ष दीवान सिंह बिष्ट, जगदीश अग्रवाल, मोनू गोयल, समाजसेवी प्रमोद अग्रवाल, अमित अग्रवाल, आकाश वर्मा, पिंटू गोयल, गणेश गर्ग समेत अनेकों श्रद्धालु मौजूद रहे।

## पेज 01 का शेष...

### विकसित भारत के संकल्पों को सिद्धि तक पहुंचाने के लिए महत्वपूर्ण प्रयास किए गए हैंः सीएम धामी

मुख्यमंत्री ने कहा कि मोदी सरकार ने इंफ्रास्ट्रक्चर विकास को एक नई रफ्तार दी है। 99 प्रतिशत गांव सड़क कनेक्टिविटी से जुड़ चुके हैं। देश में प्रतिदिन 34 किलोमीटर हाईवे का निर्माण हो रहा है। रेल और हवाई कनेक्टिविटी का भी तेजी से विस्तार हुआ है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम द्वारा लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण मिलने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। स्टार्टअप इंडिया योजना ने भारत को दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम बनाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में उत्तराखण्ड में हर क्षेत्र में तेजी से कार्य किये जा रहे हैं। ऋषिकेश–कर्णप्रयाग रेल लाइन का निर्माण कार्य बहुत तेजी से हो रहा है। दिल्ली–देहरादून एलिवेटेड रोड पर भी तेजी से कार्य हो रहे हैं। केदारनाथ और हेमकुंट साहिब रोपवे निर्माण के बाद श्रद्धालुओं को काफी सुविधा होगी

स्वत्वाधिकारी नजरिया खबर के लिए स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक गीता जायसवाल द्वारा श्रेष्ठा प्रिन्टर्स, वार्ड नं.03,पो.ओ. लालकुंआ जिला–नैनीताल, उत्तराखण्ड से मुद्रित तथा 14–डी मीडो प्लाजा, प्रथम तल राजपुर रोड देहरादून, उत्तराखंड से प्रकाशित सम्पादक : विजय जायसवाल फोन नं. – 0135&2740930, 9837027458 RNI NO: UTTHIN/2008/25052 प्रकाशन सम्बन्धी सभी विवादों का निस्तारण सिर्फ देहरादून न्यायालय होगा। E-mail: nazariakhabar@gmail.com
Website : www.nazariyakhabar.com डाक पंजीयन : UA/DO/DDN/402/2017-19